# भारतीय भाषा संस्थान

**मानसगंगोत्री, मैसूरु – 570006**

परियोजना पदों हेतु विज्ञापन

(आईसीएसएसआर वृहद अनुसंधान परियोजना 2025–26 के अंतर्गत)

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

आईसीएसएसआर द्वारा वित्तपोषित निम्नलिखित वृहद अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत अनुसंधान सहायक (Research Assistant) तथा क्षेत्र अन्वेषक (Field Investigator) के पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

**"उभरते हुए (द्वि)साक्षरों में साक्षरता अर्जन का विश्लेषण: प्रथम भाषा (L1) के रूप में हिंदी एवं द्वितीय भाषा (L2) के रूप में अंग्रेज़ी का अध्ययन"**

***("An Analysis of Literacy Acquisition in the Emerging (Bi)literates: The Case of Hindi as L1 and English as L2")***

**वृहद अनुसंधान क्षेत्र:** शिक्षा एवं कौशल विकास; भाषा-विज्ञान

यह परियोजना भारतीय भाषा संस्थान (CIIL), मैसूरु में परियोजना निदेशक डॉ. पंकज द्विवेदी के पर्यवेक्षण में संचालित की जा रही है। परियोजना के सह-निदेशक प्रो. स्मिता झा (आईआईटी रुड़की) तथा डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय (केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा) हैं।

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | मासिक पारिश्रमिक | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **अनुसंधान सहायक (Research Assistant)** | 1 | ₹37,000/- प्रतिमाह | भाषा-विज्ञान, अनुप्रयुक्त भाषा-विज्ञान, शिक्षा अथवा संबंधित सामाजिक विज्ञान/भाषा विषय में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। **वरीयता:** NET/M.Phil./Ph.D. तथा/अथवा साक्षरता या भाषा संबंधी अनुसंधान का पूर्व अनुभव। **अधिकतम आयु:** 35 वर्ष | प्रारंभ में 6 माह के लिए; कार्य-निष्पादन एवं परियोजना की आवश्यकता के आधार पर अधिकतम 3 अतिरिक्त माह तक बढ़ाई जा सकती है। |

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | मासिक पारिश्रमिक | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| 2 | **क्षेत्र अन्वेषक (Field Investigator)** | 2 | ₹20,000/- प्रतिमाह | भाषा-विज्ञान, शिक्षा अथवा संबंधित सामाजिक विज्ञान/भाषा विषय में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक उपाधि।<br>**वरीयता:** चार वर्षीय स्नातक उपाधि तथा/अथवा क्षेत्रकार्य का अनुभव/परिचय।<br>**अधिकतम आयु:** 35 वर्ष | प्रारंभ में 4 माह के लिए; परियोजना की आवश्यकता एवं कार्य-निष्पादन के आधार पर अवधि बढ़ाई जा सकती है। |

## वांछनीय योग्यताएँ

1. अंग्रेज़ी, हिंदी तथा/अथवा संबंधित भाषा/भाषाओं के लिखित एवं मौखिक प्रयोग पर उत्कृष्ट अधिकार।
2. भाषा आकलन एवं प्रवीणता रूपरेखाओं तथा ब्लूम की वर्गिकी (Bloom's Taxonomy) के अनुप्रयोग का ज्ञान।
3. कंप्यूटर तथा MS Excel, डेटा विश्लेषण उपकरण/सॉफ्टवेयर, SPSS आदि के उपयोग में दक्षता।
4. आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्रकार्य करने की योग्यता एवं तत्परता।

आवेदन कैसे करें

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निम्नलिखित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं:
**https://apply.ciil.org/**

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ अपलोड/प्रस्तुत करना आवश्यक होगा:

1. विस्तृत जीवन-वृत्त (Curriculum Vitae/CV);
2. लेखन का एक नमूना (Writing Sample); तथा
3. प्रमाण-पत्रों, अंकतालिकाओं एवं अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़ों की स्वप्रमाणित स्कैन प्रतियाँ।

परियोजना/पदों से संबंधित शैक्षणिक प्रश्नों के लिए निम्नलिखित ई-मेल पतों पर संपर्क किया जा सकता है:

**pankajd.ciil@gov.in** अथवा **krishna.pandey@fulbrightmail.org**

## चयन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 15 सितंबर 2026।
2. केवल चयनित (शॉर्टलिस्ट किए गए) अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।
3. साक्षात्कार की तिथि, समय एवं माध्यम की सूचना चयनित अभ्यर्थियों को पृथक रूप से दी जाएगी।
4. परियोजना निदेशक/सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार साक्षात्कार ऑनलाइन अथवा भारतीय भाषा संस्थान, मैसूरु में प्रत्यक्ष रूप से आयोजित किया जा सकता है।
5. प्रत्यक्ष साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई TA/DA देय नहीं होगा।
6. परियोजना की आवश्यकता के अनुसार कार्य/क्षेत्रकार्य का स्थान मैसूरु, दिल्ली तथा/अथवा रुड़की हो सकता है।

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. सभी पद पूर्णतः अस्थायी एवं परियोजना-आधारित हैं।
2. चयनित अभ्यर्थियों को परियोजना निदेशक/सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर व्यक्तिगत रूप से कार्यभार ग्रहण/रिपोर्ट करना होगा।
3. नियुक्ति एवं सेवा की निरंतरता संतोषजनक कार्य-निष्पादन तथा परियोजना की आवश्यकताओं के अधीन होगी।
4. नियुक्ति पत्र जारी करने से पूर्व सभी मूल प्रमाण-पत्रों/दस्तावेज़ों का सत्यापन किया जाएगा।
5. केवल न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरा करने से किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

Sd/-

डॉ. पंकज द्विवेदी
परियोजना निदेशक
भारतीय भाषा संस्थान
हुणसूर रोड, मानसगंगोत्री
मैसूरु, कर्नाटक, भारत – 570006
ई-मेल: **pankajd.ciil@gov.in**